दिन– शुक्रवार दिनांक– 01 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग आज प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तैयार मतदाता सूची का मसौदा जारी करेगा। कल से ली जायेंगी दावा–आपत्ति।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मध्याह्न भोजन रसोइयों, रात्रि प्रहरियों, शारीरिक शिक्षक और स्वास्थ्य अनुदेशकों के मानदेय में दोगुनी बढ़ोतरी की घोषणा की।

03. प्रदेश में आज से घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट निःशुल्क बिजली सुविधा का लाभ मिलेगा।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज सुबह से रूक–रूक कर हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने औरंगाबाद, गयाजी, वैशाली, समस्तीपुर, और बेगूसराय समेत नौ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————

निर्वाचन आयोग आज प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तैयार मतदाता सूची का मसौदा जारी करेगा। मसौदा जारी करने से पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मतदाता सूची की भौतिक और डिजिटल प्रति राज्य के अड़तीस जिलों में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

बिहार में प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद आज से दावे और आपपत्तियां ली जाएंगी। नब्बे हजार बूथ लेवल अधिकारियों को भी कार्य में लगाया गया है। बिहार विधानसभा के सभी 243 निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संबंधित राजनीतिक दलों और मतदाताओं से दावे और आपत्तियां लेंगे। लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए शिविर भी लगाये जाएंगे। प्रारंभिक मतदाता सूची के संबंध में लोगों की शिकायतों के निवारण का यह प्रमुख तरीका है। यह प्रक्रिया अगले महीने की 1 तारीख तक चलेगी। 25 सितंबर तक दावा आपत्ति से संबंधित विभिन्न आवेदनों की जांच होगी। इसके बाद 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके आधार पर ही राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी है कि दावा आपत्ति के निष्पादन के लिए कल से सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा शहरी निकाय कार्यालयों में विशेष कैंप लगाए जायेंगे। ये कैंप सप्ताह के सातों दिन सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक संचालित होंगे।

————————————————

निर्वाचन आयोग ने फिर स्पष्ट किया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से किसी तरह की छेड़छाड़ संभव नहीं है। आयोग ने कहा कि पिछले वर्ष महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव के दौरान मतदाता पुष्टि पर्चियों की गिनती में कोई विसंगति नहीं पाई गई।

आयोग ने बताया कि दस उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर दस विधानसभा क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की जांच की गई थी और सभी मशीनें सही पाई गईं थीं। चुनाव हारने वाले आठ उम्मीदवारों की उपस्थिति में दस विधानसभा क्षेत्रों में अड़तालीस बैलट यूनिट, इकतीस कंट्रोल यूनिट और इकतीस मतदाता पुष्टि पर्ची मशीनों की भी जांच की गई और इन्हें सही पाया गया।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मध्याह्न भोजन रसोइयों, रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षक तथा स्वास्थ्य अनुदेशकों के मानदेय में बढ़ोतरी की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत मध्याह्न भोजन में कार्यरत रसोइयों को अब एक हजार छह सौ पचास रूपये के स्थान पर तीन हजार तीन सौ रूपये का मानदेय दिया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि माध्यमिक और उच्च शिक्षा विद्यालय में कार्यरत रात्रि प्रहरी का मानदेय पांच हजार रूपए से दोगुना करते हुए इसे दस हजार रूपए करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शारीरिक शिक्षक और स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय आठ हजार रूपए से बढ़ा कर सोलह हजार रूपए कर दिया है। साथ ही इनकी वार्षिक वेतन वृद्धि दो सौ रूपए के स्थान पर चार सौ रूपए करने का निर्णय लिया गया है।

———————————————————

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पन्द्रहवें वित्त आयोग की अवधि के दौरान जारी केन्द्र की प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के लिए एक हजार नौ सौ बीस करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ कुल छह हजार पांच सौ बीस करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

———बाईट———

साइंटिफिक तरीके अपनाने से किसानों की इन्कम में सुधार आता है इसीलिए जरूरी है कि इंटरनेशनल स्टैंडर्ड्स पे एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए फूड टेस्टिंग लैब्स की स्थापना की जाए तो आज के फैसले में ओवरऑल आउटले बढ़ाया गया टू सिक्स थाउजेंड फाइव हैंड्रेड टवेंटी करोड़ रूपीज और उसमें से वन थाउजेंड करोड स्पेसिफिकली रखा गया फिफ्टी इरेडिएशन यूनिट्स एंड वन हैंड्रेड फुड टेस्टिंग लैब्स के लिए।

मंत्रिमंडल ने वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस से दो हजार अट्ठाईस–उनतीस तक चार वर्षों की अवधि के लिए दो हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्रीय योजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अनुदान सहायता–एनसीडीसी को भी मंजूरी दी है।

———बाईट———

एनसीडीसी कोऑपरेटिव सोसाइटीज को लोन देती है आज उसका कैपिटल दो हजार करोड रुपए से बढ़ाया गया ग्रांटीनेंट के माध्यम से जो सबसे इंपॉर्टेंट पॉइंट है वो है यह जो लोनस जाते हैं करीब–करीब सवा आठ लाख कोआपरेटिव को जाते हैं। 29 करोड़ मेंबर्स है जिनके और 94 परसेंट फार्मर्स है उसके साथ जुड़े हैं। एनसीडीसी जो लोन देती है उस लोन में करीब–करीब 99.8 प्रसेंट रिकवरी है नेट एनपीए जीरो हैं।

मंत्रिमंडल ने कटिहार रेल मंडल के अलुआबाड़ी रोड से न्यू–जलपाईगुड़ी के बीच तीसरी और चौथी रेल लाईन के निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की है। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड राज्यों के तेरह जिलों के लिए चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत ग्यारह हजार एक सौ उनहत्तर करोड़ रुपये है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य में आज से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक सौ पच्चीस यूनिट निःशुल्क बिजली सुविधा लागू हो गयी है। इसके तहत एक सौ पच्चीस यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं का बिल शून्य हो जाएगा। साउथ बिहार पावर डिस्टीब्यूशन कम्पनी के जीएम राजस्व अरविंद कुमार ने बताया है कि स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं का बैलेंस क्रेडिट किया जायेगा। वहीं, पोस्टपेड उपभोक्ताओं के बिल में एक सौ पच्चीस यूनिट की राशि घटा दी जायेगी। इसके बाद उपभोक्ताओं को निर्धारित दर से बिल का भुगतान करना होगा। इससे लगभग एक करोड़ छियासी लाख उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचेगा। गौरतलबह है कि पिछले दिनों राज्य कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव मंजूर किया गया था।

––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान से हो रहे दुष्प्रचार के इस दावे को खारिज कर दिया है कि अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित पच्चीस प्रतिशत आयात शुल्क के चलते भारत के बाजारों में साठ अरब डॉलर का घाटा होने से वित्तीय आपातकाल लग गया है। प्रेस सूचना कार्यालय– पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने इस दावे को पूरी तरह भ्रामक और फ़र्ज़ी बताया है। पीआईबी ने कहा कि भारत में ऐसा कोई वित्तीय आपातकाल घोषित नहीं किया गया है। पीआईबी ने नागरिकों से सतर्क रहने और सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक सूत्रों पर ही भरोसा करने को कहा है।

––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश के अधिकतर भागों में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी पटना सहित विभिन्न जिलों में आज सुबह से ही रूक—रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के नौ जिले औरंगाबाद, गयाजी, बांका, जमुई, नवादा, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया और बेगूसराय में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान गयाजी जिले के डोभी में सबसे अधिक नब्बे दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————————

प्रदेश की नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण गंगा, गंडक, कोसी और महानंदा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर से मुंगेर तक बढ़ा है। पटना के गांधी घाट और हाथीदह में नदी का जलस्तर एक बार फिर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। इधर, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में और बूढ़ी गंडक का जलस्तर खगड़िया में लाल निशान के पास दर्ज किया गया है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से बयालीस सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। वहीं, कटिहार के कुर्सेला में नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे हैं जबकि नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुई है।

———————————————————————————

इधर, सुपौल जिले के वीरपुर में पानी का दबाव बढ़ने से कोसी की पूर्वी मुख्य नहर की दीवार का दस मीटर हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। जल संसाधन विभाग की ओर से घटना स्थल पर बचाव और मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने दानापुर—पाटलिपुत्र—सोनपुर रेलखंड के पांच स्टेशनों और हॉल्ट को पटना रेल जिला के अधिन किया है। गृह विभाग की अधिसूचना के अनुसार अब दानापुर स्टेशन, पाटलिपुत्र जंक्शन, दीघा हॉल्ट, पहलेजा स्टेशन और सोनपुर जंक्शन पटना रेल क्षेत्र के अधिन होगा। इधर, राजेन्द्रनगर—नई दिल्ली अमृतभारत ट्रेन का परिचालन शुरू हो गया है। इधर, रेलवे ने चालीस स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधी का विस्तार एक अक्टुबर तक किया है। इनमें पाटलिपुत्र—सहरसा, पाटलिपुत्र—गया, दानापुर—आरा, राजगीर—पटना, गया—पटना सहित कई स्पेशल ट्रेने शामिल हैं।

———————————————————————————

तेल वितरण कम्पनियों ने आज से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। अब उन्नीस किलोग्राम के कमर्शियल सिलंडर चौंतीस रूपये सस्ता हो गया है। नये दरों के अनुसार पटना में व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमत एक हजार आठ सौ पंचानवे रूपये पचास पैसे प्रति सिलेंडर हो गयी है। वहीं, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

———————————————————

मधुबनी जिले में मृत शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर लिपिक और परिचारी पद पर नियुक्ति करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर जिले में दो दिवसीय काउंसिलिंग प्रक्रिया का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि इस बार दो सौ तीन लिपिक और सत्रह परिचारी के अंतिम मेधा सूची प्रकाशित की गयी है।

———————————————————

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सम्पन्न राष्ट्रीय सब जूनियर और कैडेट ग्रेपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप में बिहार ने पांच स्वर्ण पदक जीते हैं। बिहार ग्रेपलिंग कुश्ती संघ के महासचिव गोरी शंकर ने बताया कि इस चैंपियनशिप में राज्य ने एक रजत और तीन कांस्य समेत कुछ नौ पदक जीते हैं।

इधर, मध्य प्रदेश में आयोजित डॉक्टर बी.सी. राय जूनियर बालक फुटबॉल चैंपियनशिप में बिहार की टीम ने सेमीफाईनल में प्रवेश किया है। तीन अगस्त को सेमीफाईनल में बिहार का मुकाबला असम से होगा।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— सुप्रीम कोर्ट ने कहा दल—बदल से कमजोर होता है लोकतंत्र।

दैनिक जागरन की विशेख खबर है— जीविका दीदियों को ऋण उपलब्ध कराएगा जीविका बैंक।

उपभोक्ता आयोग से जुड़ी खबर को प्रभात खबर ने प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है— फ्लैट बुकिंट रद्द कर बिल्डर ने पूरे पैसे नहीं लौटाये तो अब देने होगें उन्नीस लाख रूपये हरजाना।

आज अखबार का शीर्षक है— पटना मेट्रो का उद्घाटन अब तेईस अगस्त को।

मॉनसून से जुड़ी खबर को अपनी लीड बनाते हुये राष्ट्रीय सहारा लिखता है– अगस्त–सितंबर में होगी ज्यादा बारिश।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निर्वाचन आयोग आज प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तैयार मतदाता सूची का मसौदा जारी करेगा। कल से ली जायेंगी दावा–आपत्ति।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मध्याह्न भोजन रसोइयों, रात्रि प्रहरियों, शारीरिक शिक्षक और स्वास्थ्य अनुदेशकों के मानदेय में दोगुनी बढ़ोतरी की घोषणा की।

03. प्रदेश में आज से घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट निःशुल्क बिजली सुविधा का लाभ मिलेगा।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज सुबह से रूक–रूक कर हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने औरंगाबाद, गयाजी, वैशाली, समस्तीपुर, और बेगूसराय समेत नौ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।